उत्तराखण्ड विधान सभा

उत्तराखण्ड विधान सभा
की कार्यसूची

शुक्रवार, 24 फाल्गुन, शक संवत्, 1934

(दिनांक : 15 मार्च, 2013)

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।
2. निधन के निदेश।
3. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 29 की उपधारा (2) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड सूचना का अधिकार नियमावली, 2012 को सदन के पटल पर रखेंगे।
4. प्रमुख सचिव विधान सभा उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 जो कि विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया और जो " भारत का संविधान" के अनुच्छेद-200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश सहित विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, को सदन के पटल पर रखेंगे।
5. प्रमुख सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-
   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (2012-2013 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 10 सितम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2012 का बारहवां अधिनियम बन गया।
   (2) विविध राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 जनवरी, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का पहला अधिनियम बन गया।

(3) पं0 दीनदयाल उपाध्याय उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का दूसरा अधिनियम बन गया।

(4) ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का तीसरा अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का चौथा अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का पांचवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का छठा अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का सातवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का आठवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 25 जनवरी 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का नवां अधिनियम बन गया।

(11) डी0आई0टी0 विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 13 फरवरी, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का दसवां अधिनियम बन गया।

(12) उत्तरांचल विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 13 फरवरी, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(13) हिमालयन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 13 फरवरी, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का बारहवां अधिनियम बन गया।

(14) आई0एम0एस0 यूनिसन विश्वविद्यालय विधेयक, 2012 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 13 फरवरी, 2013 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2013 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

7. उपाध्यक्ष, विधान सभा, उत्तराखण्ड तृतीय विधान सभा की याचिका समिति (2012-13) का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

8. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड कपकोट (सल्ला दानपुर) के ग्राम पंचायत रातिरकेटी में हाईस्कूल का उच्चीकरण कराये जाने के संबंध में" श्रीमती दीपा देवी निवासी- ग्राम पंचायत कीमू एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर में विकास खण्ड कपकोट के गैरखेत-हरसीला तक 04 कि0मी0 कपकोट-पोलिंग मोटर मार्ग का विस्तार कराये जाने के संबंध में" श्रीमती निर्मला देवी, निवासी- ग्राम पंचायत हरसीला एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर की अनुसूचित बस्ती चन्तोला में राजकीय जूनियर हाईस्कूल व गांव को जोड़ने के लिए बूड़ागाड़ नदी पर स्टील गार्डर पुल बनाये जाने के संबंध में" श्रीमती जानकी देवी, निवासी- ग्राम पंचायत चन्तोला एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत बरगोली में प्राथमिक विद्यालय एवं गांव को जोड़ने के लिए चूड़ागाढ़ नदी पर अनुसूचित बस्ती बन्तोला में राजकीय जूनियर हाईस्कूल व गांव को जोड़ने के लिए चूड़ागाढ़ नदी पर स्टील गार्डर पुल बनाये जाने के संबंध में" श्रीमती द्रौपती देवी, निवासी– ग्राम पंचायत बरगोली एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

13. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

14. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

15. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

16. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

17. वित्त मंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

18. वित्त मंत्री, भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

19. पर्यटन मंत्री, उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

20. पर्यटन मंत्री, उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

22. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

23. गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री, उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

24. गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

26. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"यह सदन महामहिम राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2013 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

श्री सुबोध उनियाल, सदस्य विधान सभा उक्त प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

27. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 15 मार्च, 2013

प्रथम सत्र, 2013
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

की कार्यसूची

शुक्रवार, 24 फाल्गुन, शक संवत्, 1934

(दिनांक : 15 मार्च, 2012)

नत्थी "क"

तारांकित प्रश्न

श्री बिशन सिंह चुफाल 14.02.2013	*1. क्या कारागार मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में बन्दी गृहों के कैदी को दो समय का भोजन के लिए 25 रूपये देय हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार मंहगाई को देखते हुए उक्त राशि को बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?	कारागार
श्री चन्दन राम दास 14.02.2013	*2. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है तथा प्रदेश में जनपदवार श्रम कानूनों के उल्लंघन के कितने मामले पंजीकृत है ? सरकार श्रम कानून के उल्लंघन को रोकने के लिए क्या प्रयास कर रही है ?	श्रम
श्री मयूख महर 15.02.2013	*3. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका पिथौरागढ़ में मलिन बस्तियों में कुल कितने भवन बनाये जा रहे हैं तथा इसमें प्रत्येक मकान तथा कुल मकानों की लागत क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आवंटित धन के सापेक्ष कुल कितना व्यय हो चुका है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि मुख्य विकास अधिकारी पिथौरागढ़ के जांच में भवन निर्माण में गम्भीर वित्तीय अनियमिततायें पायी गयी थीं ? यदि हां, तो क्या सरकार दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?	शहरी विकास

श्री नवप्रभात
15.02.2013

*4. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका विकासनगर के अन्तर्गत 28 फीट रोड पर वर्ष 1989 में 24 दुकानों का निर्माण कर आवंटन किया गया था ? यदि हां, तो उस समय आवंटित दुकानों का दुकानदारों से कितना प्रीमियम वसूल किया गया था ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्या वर्ष 2008 में इन आवंटित दुकानदारों से दुकान खाली कराने का अनुबन्ध पालिका द्वारा किया गया था ? यदि हां, तो क्या खाली करायी गयी दुकानों के स्थान पर नई दुकानों का निर्माण किया गया है ? क्या सरकार द्वारा उन दुकानदारों को जिनसे इस अनुबन्ध के अन्तर्गत दुकानें खाली करायी गयी थी नव निर्मित दुकानों में दुकान आवंटित कर दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? — नगर विकास

श्री चन्दन राम दास
15.02.2013

*5. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर नगर की सीवर लाईन की योजना पूर्व में ए0डी0बी0 के फेज–2 में प्रस्तावित थी ? यदि हां, तो इसे ए0डी0बी0 के फेज–3 में डालने का क्या कारण है ? क्या सरकार बागेश्वर में सीवर लाईन की योजना का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? — नगर विकास

श्री पुष्कर सिंह धामी
18.02.2013

श्री ललित फर्स्वाण
22.02.2013

श्री राजकुमार
25.02.2013

*6. **चतुर्थ सोम के तारा0 07 में स्थना0**

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल रूद्रपुर, खटीमा, हरिद्वार एवं देहरादून स्थापित कम्पनियों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 70 प्रतिशत उत्तराखण्ड राज्य के बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने के प्राविधान का अनुपालन किया जा रहा है ? यदि हां, तो ठेकेदारी प्रथा के आधार पर बेरोजगारों को रखे जाने का क्या औचित्य है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कितने बेरोजगारों को प्राविधानानुसार रोजगार प्रदान किया गया है तथा क्या राज्य सरकार प्रदेश के बेरोजगारों को ठेके प्रथा से निजात दिलाते हुए उक्त प्रतिशतता का अनुपालन सुनिश्चित करवाएगी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल रूद्रपुर, खटीमा, हरिद्वार एवं देहरादून में स्थापित कम्पनियों द्वारा राज्य के इन्जीनियरिंग एवं व्यावसायिक कालेजों से बी0टैक0 एवं एम0बी0ए0 कर चुके बेरोजगारों को रोजगार प्रदान न किये जाने के क्या कारण हैं ? क्या इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस पहल की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — श्रम एवं सेवायोजन

श्री मदन कौशिक
18.02.2013

*7. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों में ए0डी0बी0/जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत पानी की लाईन डाली गयी थी ? यदि हां, तो क्या ए0डी0बी0/जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के द्वारा पानी की लाईन डालने का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कुल कितनी किलोमीटर लाईन डाली गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पानी की लाईन डालने के कारण टूटी सड़कों की मरम्मत हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? — शहरी विकास

श्री नवप्रभात
19.02.2013

*8. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगम देहरादून द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिये मुस्कान ज्योति नामक संस्था या किसी अन्य संस्था से कोई अनुबन्ध किया गया है ? यदि हां, तो अनुबंध का विवरण क्या है ? **नगर विकास**

श्री मदन कौशिक
19.02.2013

*9. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बुनकरों के व्यापक कल्याण हेतु कोई कार्य योजना बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो योजना की रूप रेखा क्या है तथा कब तक कियान्वित की जायेगा ? **खादी एवं ग्रामोद्योग**

स्थगित अतारांकित प्रश्न

श्री दान सिंह
भण्डारी
05.10.2012

1. क्या नगर विकास मंत्री बातने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित नौकुचियाताल के कमल तालाब के सौन्दर्यीकरण हेतु कोई ऐसी नीति बनायी जा रही है जिससे कमल तालाब में उगे कमल के फूल भी बचाये जा सकें तथा मछली को भी कोई नुकसान न हो ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त नीति को सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? **नगर विकास**

अतारांकित प्रश्न

श्री गणेश जोशी
15.02.2013

1. **प्रथम सोमवार के अता0 97 में स्थाना0**
क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 20 जुलाई, 2012 को राज्य अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निगम के नवनिर्मित मुख्यालय भवन के शुभारम्भ के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आई0टी0 पार्क के लिए ग्रामीणों की पूर्व में अधिग्रहण से मुक्त भूमि का भू–उपयोग पूर्व की भांति आवासीय कराने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप कार्य शुरू कर लिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? **शहरी विकास**

हाजी सरवत
करीम अंसारी
18.02.2013

2. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार में चारा बैंक योजना संचालित है ? यदि हां, तो क्या हरिद्वार की मंगलौर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चारा बैंक स्थापित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **पशुपालन**

हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2013	3. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुकुट पालन, बकरी पालन की कितनी योजनायें संचालित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उन सबका विवरण और संचालित सभी योजनाओं पर कितना अनुदान दिया जा रहा है तथा तत्सम्बंधी विवरण क्या है ?	पशुपालन
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 18.02.2013	4. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में ठेकेदारी के आधार पर श्रमिकों व कर्मचारियों को रखा जाता है ? यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2007 के बाद से अब तक कितने श्रमिकों/कर्मचारियों को किन-किन स्थानों पर किस कम्पनी या ठेकेदार के द्वारा लगाया गया ? क्या मंत्री जी उनका जिलेवार पूर्ण विवरण देंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?	पशुपालन
श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 18.02.2013	5. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में छोटी नस्ल की गायों को और बैलों को लोगों द्वारा छोड़ दिया जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन्हे संरक्षण देने हेतु गौशाला की व्यवस्था/निर्माण करेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन्हे संरक्षण देती हैं या पालती हैं तो क्या सरकार उसके लिये चारे की व्यवस्था करेंगी ? यदि हां, तो किस आधार पर? यदि नहीं, तो क्यों ?	पशुपालन
श्री बिशन सिंह चुफाल 19.02.2013	6. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत डीडीहाट में शौपिंग काम्पलेक्स का निर्माण कार्य बन्द है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य बन्द होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि बन्द कार्य को सरकार पुनः शुरू करने पर विचार करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?	शहरी विकास
श्री गणेश जोशी 20.02.2013	7. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गढ़ीकैण्ट क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने हेतु कैण्ट बोर्ड जे0एन0एन0यू0आर0एम0 के तहत प्रस्ताव शासन को भेजा गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार जे0एन0एन0यू0आर0एम0 फेज-2 के अन्तर्गत गढ़ी कैण्ट क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?	शहरी विकास
श्री बिशन सिंह चुफाल 20.02.2013	8. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के मडमानले क्षेत्र में पशु सेवा केन्द्र नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार पशुपालन केन्द्र स्वीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ?	पशुपालन
श्री बिशन सिंह चुफाल 21.02.2013	9. **प्रथम बुधवार के अता0 47 में स्थाना0** क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में एतिहासिक धार्मिक स्थल थल में टैक्सी स्टैंड न होने के कारण यात्रियों को रूकने में परेशानी रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार थल में टैक्सी स्टैंड बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?	शहरी विकास